नई दिल्ली, रविवार
26 सितंबर, 2021
नोएडा
मूल्य ₹ 5.00
पृष्ठ 20+8+4=32

दैनिक जागरण

www.jagran.com
दिल्ली, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, हरियाणा, उत्तराखंड, बिहार, झारखंड, पंजाब, जम्मू कश्मीर, हिमाचल प्रदेश और प. बंगाल से प्रकाशित

दुनिया में चरमपंथ, आतंकवाद का खतरा बढ़ा : मोदी 1
हर जरूरतमंद के साथ खड़ी है सरकार : योगी 2

देश ने कोरोना संकट के दौरान बेहद चुनौतीपूर्ण समय का सामना किया है। लेकिन अब यह रिकवरी और तेज विकास के पथ पर है। जब यह संकट आया तो गरीबों और वंचितों की सुरक्षा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का प्रथम लक्ष्य थी। – **पीयूष गोयल**, वाणिज्य मंत्री

ब्याज दरों में भारी छूट से होम लोन 16 वर्षों में सबसे सस्ता

20 साल के लिए एक लाख के लोन पर 757 रुपये की ईएमआइ

जागरण ब्यूरो, नई दिल्ली : होम लोन पर ब्याज दरों में चल रही भारी छूट से रियल एस्टेट सेक्टर को त्योहारी सीजन में नई उम्मीद दिख रही है। रियल एस्टेट सेक्टर का मानना है कि यह त्योहारी सीजन मकान बिक्री के लिए 'टर्निंग प्वाइंट' साबित हो सकता है। फिलहाल होम लोन पर ब्याज दरें सात फीसद से भी कम हो गई हैं। कई बैंक तो 6.5 फीसद की दर पर भी लोन दे रहे हैं। होम लोन की ऐसी ब्याज दरें वर्ष 2002-04 के दौरान देखी गई थी। ब्याज दर घटने से ईएमआइ काफी कम हो गई है और इस नए बाजार में नए खरीदारों की सुगबुगाहट बढ़ी है।

नेशनल रियल एस्टेट डेवलपमेंट काउंसिल के प्रेसिडेंट राजन बांडेलकर ने बताया, इस समय अधिकतर बैंक 6.5 से 6.8 फीसद की दर पर होम लोन दे रहे हैं। वर्तमान में 20 वर्षों के

होम लोन पर प्रति लाख की ईएमआइ 757 रुपये से शुरू हो रही है जो 20 लाख के लोन के लिए 15,140 रुपये होगी। यह रकम दिल्ली-एनसीआर में दो कमरों के औसत मासिक किराए के ही आसपास है।

बांडेलकर ने बताया कि इन आकर्षक दरों के चलते रियल एस्टेट बाजार में घरों को लेकर पूछताछ काफी तेज हो गई है और काफी लोग घर खरीद भी रहे हैं। उन्होंने कहा कि त्योहारी सीजन में रियल एस्टेट सेक्टर को काफी बेहतर बिक्री की उम्मीद है। हाउसिंग डाट काम और मकान डाट काम के ग्रुप सीईओ ध्रुव अग्रवाल के मुताबिक होम लोन की ब्याज दरों में ऐतिहासिक गिरावट और अर्थव्यवस्था में मजबूत रिकवरी को देखते हुए यह त्योहारी सीजन रियल एस्टेट सेक्टर के लिए 'टर्निंग प्वाइंट' साबित हो सकता है। उन्होंने कहा कि त्योहारी सीजन की बिक्री की गति आगामी तिमाही में भी जारी रह सकती है।

कोरोना में कमी के साथ टीकाकरण में तेजी से भी रियल एस्टेट सेक्टर को बिक्री में तेज बढ़ोतरी की उम्मीद है। गौड़ ग्रुप के सीएमडी मनोज गौड़ ने बताया कि कोरोना संक्रमण में गिरावट के बाद से रियल एस्टेट बाजार में खरीदार और निवेशक दोनों की रुचि बढ़ी है ब्याज दरों को इस निचले स्तर पर रखने से त्योहारी सीजन में निश्चित रूप से फायदा होगा।